



# दिल्ली पब्लिक स्कूल, आसनसोल में कक्षाएं प्रारम्भ

**आसनसोल.** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल द्वारा राज्य के शिक्षा निदेशालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार कक्षा ९ से ११ तक के छात्रों के लिए १५ फरवरी, सोमवार से विद्यालय में कक्षाएँ प्रारम्भ कर दी गयी हैं. फिलहाल कक्षाओं का समय प्रातः ०७:५० से ११ बजे तक निर्धारित किया गया है. कक्षाएँ आरंभ करने से पहले छात्रों की स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से संबन्धित सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं. विगत दिवस अभिभावकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ विद्यालय प्रबंध-न्यासी प्रतीक गोयनका एवं प्राचार्य आरडी. शर्मा ने एक बैठक आयोजित कर विद्यालय द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी. प्रधानाचार्य आर. डी. शर्मा ने अभिभावकों को अवगत कराया कि छात्रों को विद्यालय मास्क लगाकर आना अनिवार्य है. हालांकि प्रत्येक छात्र के लिए विद्यालय प्रतिदिन निःशुल्क मास्क प्रदान करेगा. लेकिन घर से स्कूल तक आने में भी छात्रों के लिए मास्क पहनना अनिवार्य है. प्रवेश द्वार पर ताप-मापक यन्त्र द्वारा शारीरिक तापमान लेने तथा हाथों को कीटाणु रहित करने हेतु स्वचालित 'हैंड सैनिटाइजर' की व्यवस्था की गयी है. प्रतिदिन छात्रों के प्रस्थान के बाद कक्षा-कक्ष, प्रयोगशाला, फर्नीचर तथा स्कूल बिल्डिंग के अन्य भागों को नियमित रूप से सैनिटाइज किया जाएगा.

एक कक्षा-कक्ष में केवल १२ छात्रों के बैठने की व्यवस्था की गयी है, जिससे कि उचित शारीरिक दूरी बनाये रखकर राज्य सरकार के निर्देशों का यथोचित अनुसरण सुनिश्चित हो. विद्यालय में कक्षाओं के दौरान छात्रों को अपने सहपाठियों के साथ कोई भी भोज्य-पदार्थ, पाठ्य-पुस्तक, लेखन-पुस्तिका तथा लेखन-सामग्री साझा करने की अनुमति नहीं है. प्रयोगशालाओं में प्रायोगिक क्रियाओं के दौरान छात्रों का मास्क व दस्ताने पहनना अनिवार्य है. विद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप पर अभिभावकों की लिखित स्वीकृति के पश्चात ही छात्रों को विद्यालय में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है. साथ ही यह भी बताया कि छात्रों की विद्यालय में उपस्थिति अनिवार्य नहीं है. ऐसे छात्र जो किसी कारणों से विद्यालय आने में असमर्थ हैं, उनके लिए कक्षा में जारी शिक्षण गतिविधियों की 'लाइव स्ट्रीमिंग' उपलब्ध करायी जा रही है, जिससे कि वे घर बैठे 'ऑनलाइन-क्लास' कर सकें.